तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, सोमवार 29 जुलाई 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 केवीके प्रक्षेत्र में सोयाबीन, उड़द और धान बीज ...



11 फर्जी दस्तावेज के जरिए बैंक से लाखों का आवास ...



श्री शंकराचार्य कॉलेज ऑफ नर्सिंग
हुडको, भिलाई (छ.ग.)
(2005 से संचालित)
नर्सिंग
B.Sc.(N)
M.Sc.(N) | P.B.B.Sc.(N)
7489713804, 9926129192
For Online Admission
Visit : www.sscnbhilai.com

**समस्या : बगलेड़ी के डोन्टू नाले में बाढ़ से बहा मंडी बोर्ड का एप्रोच रोड**

# पहली ही बारिश में बह गई सड़क, पुल भी क्षतिग्रस्त, ग्रामीणों की समस्या जस की तस


हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा/साजा

- सालभर भी नहीं हुआ निर्माण, गुणवत्ता को लेकर उठे सवाल

साजा ब्लॉक क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बगलेड़ी में दशकों से बरसात के सीजन में डोन्टू नाले में बाढ़ से सड़क एवं पुल की समस्या बनी हुई थी, जो नाले पर नए पुल व सड़क निर्माण के बाद अभी भी यथावत समस्या बरकरार है। फ़िलहाल देखा जाए तो बगलेड़ी गाँव के रहवासियों के लिए बनी सड़क एवं नाले पर बने मंडी बोर्ड का पुल पहली ही बारिश में धुल कर जर्जर हो गया है।

दरअसल विगत दिनों क्षेत्र में लगातार बारिश के कारण बगलेड़ी का यह पुल नाले के ओवरफ्लो पानी मे पूरी तरह डूब गया था। जो अब जलस्तर कम होने पर सड़क एवं पुल का एप्रोच रोड पूरी तरह उखड़कर खराब हो गया है। जहाँ पर से गुजरना फिलहाल काफी खतरनाक हो गया है। बताया जा रहा है कि बगलेड़ी समीप का यह पुल छत्तीसगढ़ राज्य मंडी बोर्ड रायपुर के दुर्ग-बेमेतरा सम्भाग के देखरेख में बनाया गया है। वहीं ग्राम बगलेड़ी की सड़क को पीएमजीएसवाई संभाग बेमेतरा द्वारा निर्माण किया गया है। किन्तु दोनों कार्यो को निर्माण के महज सालभर भी नही हुए है और पहली बारिश की बौछार एवं पानी के ओवरफ्लो के कारण सड़क परत-दर-परत उखड़कर जर्जर हो चुका है। वही मंडी बोर्ड के पुल पर बने एप्रोच रोड में बड़े-बडे गड्ढे हो गए है जो कि राहगीरों व मुसाफिरों के लिए सड़क व पुल से गुजरना काफी परेशानी भरा साबित हो रहा है। इस सम्बंध में जिला एवं विकासखण्ड प्रशासन को तत्काल एक्शन लेकर पुल, एप्रोच रोड एवं सड़क के जिम्मेदार ठेकेदार एवं विभागीय अफसरों पर एक्शन लेकर कार्यवाही की जरूरत है।





## अब तक जिले में 967 मिमी बारिश

- पिछले एक सप्ताह में तीन सौ मिमी आगे पहुंचा आंकड़ा, कोटे से 30% आगे ,झड़ी से मिलेगी राहत

**बेमेतरा।** सप्ताहभर पहले तक अपने लक्ष्य से 50 फीसदी तक पीछे चलने वाला मानसून का आंकड़ा अब औसत से 30 फीसदी आगे पहुंच गया है। अब तक जिले में करीबन 966.64 मिमी बारिश दर्ज की जा चुकी है। पिछले सात दिनों में जिले में करीबन तीन सौ 41 मिमी बारिश दर्ज की गई है। जिसका सीधा फायदा किसानों की फसल और जलाशयों के घटते जलस्तर को मिली है।

हालांकि अधिक बारिश के बाद कई दिक्कतें भी सामने आई। जिसमें कुछ गांव में बाढ़ जैसे हालत के साथ ही शहर में पानी सप्लाई बाधित होना शामिल है, लेकिन अब इससे राहत मिलने की संभावना है। अगले 48 घंटे जिले के लिए कोई अलर्ट जारी नहीं किया गया है। इस दौरान सावन की झड़ी से राहत मिलने के आसार हैं। हालांकि प्रदेश के उत्तरी इलाकों में अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग की तरफ से जारी बुलेटिन के अनुसार एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण गंगेटिक पश्चिम बंगाल और उससे लगे बांगलादेश के उपर स्थित है तथा यह 7.6 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। उसके बाद पूर्व- दक्षिण-पूर्व की ओर उत्तर-पूर्व बंगाल की खाड़ी तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक विंड शियर जोन 22 डिग्री उत्तर में 3.1 किलोमीटर से 7.6 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। जिसके चलते ऐसी परिस्थियां अंचल में बन रही है।



**सप्ताहभर में 341.7 मिमी औसत वर्षा** : बहरहाल जिले में अब तक 341.7 मिमी. औसत वर्षा दर्ज चालू बारिश सीजन के दौरान जिले में अब तक सर्वाधिक वर्षा तहसील दाढ़ी में 464.4 मि.मी. तथा न्यूनतम 241.8 मि.मी. वर्षा भिंभोरी तहसील में दर्ज की गई है। संयुक्त जिला कार्यालय के भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार बेमेतरा तहसील मे 375.6 मि.मी. वर्षा, नांदघाट तहसील में 293 मि.मी. वर्षा, बेरला तहसील में 306.2 मि.मी., देवकर तहसील में 388.5 मि.मी, वर्षा थानखम्हरिया तहसील मे 305 मि.मी., वर्षा नवागढ़ तहसील में 242.2 मि.मी. एवं साजा तहसील में 459 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। लगातार बारिश के दौर के बाद अब यह सिस्टम आगे बढ़ ▸▸| शेष पेज 11 पर

## जान जोखिम में डालकर नदी-नाले पार न करें

- लगातार बारिश के बीच कलेक्टर शर्मा ने नागरिकों से की सतर्कता बरतने की अपील

**बेमेतरा।** कलेक्टर रणबीर शर्मा ने मानसून के दौरान ज़िले में और आसपास लगातार हो रही बारिश भारी को देखते हुए लोगों को सतर्कता बरतने की सलाह दी है। इसके साथ ही उन्होंने नदी-नालों के उफान तथा बाढ़ की स्थिति निर्मित होने के कारण लोगों की जान की सुरक्षा के कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता एवं तत्काल राहत पहुँचने के संबंधित अधिकारियों व ज़िले के सभी एसडीएम को निर्देश दिए। जिले में मानसून के दौरान भारी बारिश व बाढ़ से होने वाली जनहानि और धनहानि को रोकने के मकसद से जिला स्तर पर तैयारियां पिछले जून से शुरू हो गई थी। कलेक्टर ने जिले के सभी एसडीएम और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे जलभराव वाले क्षेत्रों में नियमित निरीक्षण करें और वश्यकतानुसार राहत कार्यों को सुनिश्चित करें। आपातकालीन सेवाओं को और सक्रिय करें। ताकि जानकारी मिलने पर किसी भी जरूरतमंद को त्वरित सहायता मिल सके। आगे भी भारी बारिश की संभावना को देखते हुए कलेक्टर श्री शर्मा ने जिले वासियों से अपील करते हुए कहा है कि नदी-नालों, पुराने पुल-पुलिया आदि को पार करते समय एहतियात बरतें। सोशल मीडिया पर तस्वीर में देखने आया कि कुछ लोग जान जोखिम में डालकर उफनते नदी-नाले पार कर रहे हैं। इसके अलावा नदी-नालों में बच्चों-युवकों की मौज-मस्ती की तस्वीर देखने मिली हैं। ऐसे लोगों से ख़ास कर अपील है कि वे अपनी जान से खिलवाड़ न करें। सुरक्षित रहें। उन्होंने कहा कि आपदा की जानकारी मिलने पर जिला स्तरीय बाढ़ कन्ट्रोल रूम 07824-222103 में इसकी सूचना दें। यह कंट्रोल रूम चौबीसों घंटे काम कर रहा है।

### बाढ़ की स्थिति में क्या करें, क्या न करें

कलेक्टर श्री शर्मा ने जन सामान्य से कहा कि वे अपने शहर या गांव में जल भराव, बाढ़ की संभावना और विगत वर्ष में बाढ़ के सबसे उच्च स्तरों को जानें। अपनी बहुमूल्य वस्तुओं और महत्वपूर्ण दस्तावेजों को सुरक्षित रखें। अपने नजदीकी प्राथमिक स्वास्थ्य तथा सहायता केन्द्र की जानकारी रखें। आपातकालीन किट तैयार करें, जिसमें सूखा खाद्य पदार्थ, पेयजल, आवश्यक दवाएं, जरूरी कागजात, आपात दूरभाष नम्बर मोमबत्ती, माचिस, रस्सी आदि शामिल हों तथा इन्हें उपयोग हेतु चालू हालत में रखें। जल भराव, बाढ़ की आशंका को देखते हुए पालतू जानवरों को पहले से ही सुरक्षित तथा ऊंचे स्थानों पर भेज दें या जल स्तरबढ़ रहा हो, तो उन्हें खुला छोड़ दें। जल भराव बाढ़ की चेतावनी मिलने पर उसका पालन करें, अपने पड़ोसियों को सूचित करें तथा सुरक्षित, ऊंचे स्थानों पर चलें जाएं यदि स्थान छोड़ रहे हैं, तो अपने साथ आपाकालीन किट जरूर ले जाएं। घर छोड़ने से पहले बिजली का मुख्य स्विच, गैस और पानी के नलों को बंद ▸▸| शेष पेज 11 पर

## खबर संक्षेप

### मंदिर निर्माण व जीर्णोद्धार के लिए किया गया भूमिपूजन



**बेमेतरा।** जिला मुख्यालय के वार्ड क्रमांक 12 स्थित मां शीतला मंदिर सिघौरी के पास हॉस्पिटल रोड भक्त माता कर्मा चौक के बाजू में बजरंगबली मंदिर का जीर्णोद्धार एवं शनि देव मंदिर का भूमि पूजन किया गया। कार्यक्रम में मां शीतला मंदिर समिति के सभी सदस्य गोपाल साहू, नरेश साहू, नेमीचंद डागा,भानु साहू,शत्रुहन सिंह साहू, मनोज शर्मा पार्षद, शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुमन गोस्वामी, पार्षद देवराम साहू जी दिना साहू, दशरथ साहू, हिमांशु साहू, प्रकाश साहू, मोहन वर्मा, घांशीराम साहू, डॉ. भोजराम साहू, गोविंद साहू ,जे .डी.ढीवर, श्रीराम यदु, संतोष यादव, प्रकाश साहू ,सीताराम यदु, बलवंत सिंह साहू मंदिर के पुजारी रामेश्वर प्रसाद तिवारी उपस्थित रहे।

### प्राथमिक शाला छोटे लालपुर में बाल सदन का हुआ गठन




**बेमेतरा/देवकर।** शासन-प्रशासन के दिशानिर्देश पर कल गुरुवार को साजा विकासखंड के ग्राम छोटे लालपुर में शासकीय प्राथमिक शाला के बच्चों के जीवन कौशल एवं नेतृत्व विकास के लिए बाल सदन का गठन किया गया। इसके तहत स्कूली छात्र संघ के प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, शिक्षा मंत्री, स्वास्थ्य मंत्री, खेलमंत्री, सांस्कृतिक मंत्री, जलमंत्री, खाद्यमंत्री, पर्यावरण मंत्री, सफाईमंत्री का चयन सर्वसम्मति से किया गया। इस बाल सदन गठन के बाद उनके कार्यों का विभाजन करते हुए उनके अधिकारों का जानकारी बच्चों को दी गई। इसमें बच्चों द्वारा उन कार्यों को किये जाने का संकल्प लिया। इस कार्यक्रम में स्कूल के शिक्षकों की विशेष भूमिका रही।

### हांटरांका स्कूल में हुआ उल्लास शपथ ग्रहण



**बेमेतरा।** भारत सरकार ने वित्त वर्ष 2021-22 के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और बजट की घोषणा की 2027 की अवधि के लिए एक नए केंद्र की प्रारंभिक योजना उल्लास को मंजूरी दी गई। इसके अंतर्गत उल्लास साक्षरता नव भारत को सफल बनाने शासकीय पूर्व ▸▸| शेष पेज 11 पर

## तिरपाल के सहारे करना पड़ रहा दाह संस्कार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

- बेमेतरा विकासखंड के ग्राम चमारी स्थित मुक्तिधाम में बड़ी समस्या

जिले के नवागढ़ विधानसभा एवं बेमेतरा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम चमारी से बड़ा ही गंभीर मामला सामने आया है। मुक्तिधाम की सुविधा नहीं होने के कारण यहां के स्थानीय ग्रामीणों को बरसात के मौसम में बरसते पानी के बीच पॉलीथिन या अन्य सामानों का सहारा लेकर शवों का दाह संस्कार करना पड़ रहा है।



उल्लेखनीय है कि शासन-प्रशासन द्वारा गाँव की मूलभूत सुविधाओं के लिए हर साल बड़ी बड़ी राशि पंचायत प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराई जाती है। किंतु, जनप्रतिनिधियों एवं अफसरों की मनमानी के कारण आज भी जनपद पंचायत बेमेतरा अंतर्गत ग्राम पंचायत बोरदईहा के सहायक ग्राम चमारी में मुक्तिधाम के बिना अव्यवस्थाओं के बीच परिजनों को अंतिम संस्कार के क्रियाकलापों को पूरा करना पड़ रहा है। विगत दिनों जब गांव के एक ▸▸| शेष पेज 11 पर

### जनप्रतिनिधि से लेकर प्रशासन तक से लगाई गुहार

ग्राम पंचायत के बोईरदइहा के सरपंच अरविंद कुर्रे का कहना है, कि इस समस्या के समाधान के लिए प्रस्ताव को ग्राम सभा से स्वीकृति लेकर जनपद में दिया गया था। पिछले वर्ष इस समस्या के निराकरण के लिए पूर्व विधायक गुरुदयाल बंजारे को लेकर पत्र दिया गया था। किन्तु, अभी तक इसका हल नहीं होने के कारण समस्या आज भी बरकरार है। वहीं, गाँव के एक ग्रामीण का कहना है कि इस मसले को कलेक्टर कार्यालय को अवगत करा दिया गया है, जिसमें जल्द ही व्यवस्था कराने की बात कही है।

### घरों में घुसने लगे सांप-बिच्छू

**बालोद।** लगातार हो रही बारिश के कारण रिहायशी इलाकों में जलभराव की स्थिति बनी हुई है। घरों में बारिश का गंदा पानी घुस रहा है। वहीं, सांप व बिच्छु घरों में प्रवेश करने लगे हैं।

## ओम साईं संस्कृत विद्यालय में मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव




हरिभूमि न्यूज ▸▸| देवकर

नगर पंचायत देवकर स्थित ओम साई संस्कृत विद्यालय द्वारा शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक ईश्वर साहू ने मां सरस्वती की पूजा कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

स्कूल संचालक दिनेश साहू ने मुख्य अतिथि ईश्वर साहू का शॉल एवं नारियल भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर बच्चों को पुस्तक, शाला गणवेश एवं राशि का वितरण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पंडित बृजभूषण शर्मा, नेता प्रतिपक्ष एवं पार्षद मनोज शर्मा, नगर उपाध्यक्ष अजय अग्रवाल, पूर्व एल्डरमैन नवीन ताम्रकार, लाला सिंह राजपूत, प्रभा पटेल, परपोड़ी मंडल अध्यक्ष राजेंद्र सिंह राजपूत, महामंत्री कमलेश साहू, परपोड़ी महिला मोर्चा मंडल अध्यक्षता विनीता अग्रवाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष चंदू शर्मा, ज़िला अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ कोषाध्यक्ष रावल जैन, सांसद प्रतिनिधि रविशंकर ▸▸| शेष पेज 11 पर

पाठक सूचना
बेमेतरा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319154342, 8224868411

RUNGTA EDUCATIONAL FOUNDATION R1
Department of BIOTECHNOLOGY
Under Graduate Programme
• BSc (Biotech with Botany)
• BSc (Biotech with Zoology)
Post Graduate Programme
• MSc (Biotech)
OUR MAJOR RECRUITERS
LUPIN
Alembic
SUN PHARMA
90161 13333

**पैरामेडिकल, स्वास्थ्य कर्मचारी, हॉस्पिटल प्रबंधन में चयन हेतु आवेदन सूचना 2024-25**

**कार्यालय संचालक, मॉडर्न इंस्टिट्यूट ऑफ़ पैरामेडिकल साइंस संस्थान रायपुर (छ.ग.)**

छ.ग. के विभिन्न चिकित्सालयों में पैरामेडिकल स्वास्थ्य कर्मचारी एवं हॉस्पिटल प्रबंधन कर्मी की पूर्ती हेतु संस्थान एक, दो एवं तीन वर्षीय विश्वविद्यालयिन पाठ्यक्रम (NSQF अधीन UGC धारा 22 (3) भारत सरकार अंतर्गत) में कक्षा 12वीं उत्तीर्ण छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों (रायपुर धमतरी, बिलासपुर, सरायपाली, जांजगीर) के केन्द्रों में कुल 960-960 सीटों में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित है-

**केन्द्रों के नाम पाठ्यक्रम एवं कुल सीटे**

| केंद्रो की सूचि | मेडिकल लैब टेक्नीशियन | एक्सरे टेक्नीशियन | ओटी टेक्नीशियन | ऑप्टोमेट्री टेक्नीशियन | डायलिसिस टेक्नीशियन | कार्डियक केयर टेक्नीशियन | हॉस्पिटल मैनेजमेंट | हॉस्पिटल स्ट्रेलाइजेशन टेक्नीशियन | पेशेंट केयर मैनेजमेंट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रायपुर | 120 सीट | 120 सीट | 80 सीट | 80 सीट | 80 सीट | 120 सीट | 80 सीट | 80 सीट | 80 सीट |
| धमतरी | 120 सीट | 120 सीट | 80 सीट | 80 सीट | 80 सीट | 120 सीट | 80 सीट | 80 सीट | 80 सीट |
| बिलासपुर | 120 सीट | 120 सीट | 80 सीट | 80 सीट | 80 सीट | 120 सीट | 80 सीट | 80 सीट | 80 सीट |
| सरायपाली | 120 सीट | 120 सीट | 80 सीट | 80 सीट | 80 सीट | 120 सीट | 80 सीट | 80 सीट | 80 सीट |
| जांजगीर | 120 सीट | 120 सीट | 80 सीट | 80 सीट | 80 सीट | 120 सीट | 80 सीट | 80 सीट | 80 सीट |

**Diploma, Advance Diploma, B.Voc. By LU, UGC Approved Under Section 22 (3) of UGC Act, 1956 Notified in Govt. of India** आवेदन हेतु पात्रता कक्षा 12वीं उत्तीर्ण साथ ही महिला एवं पुरुष जिनकी न्युनतम आयु 17 वर्ष हो । आवेदन हेतु 12वीं में न्युनतम प्रतिशत अ.ज.जाति हेतु 42% अन. जाति हेतु 45% अन्य पि. वर्ग 50% एवं सामान्य हेतु 50% हो । दिव्यांगजन, सैनिक एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वर्ग हेतु निर्धारित सीटे आरक्षित हैं एवं मेडिकल क्षेत्र में कार्यरत कर्मीयों को सीधे प्रवेश । आवेदक निम्न दिये गये आवेदन पत्र के प्रारूप को टाईप कर स्वयं स्पष्ट रूप से भरे साथ ही 30/- का डाक टिकट चस्पा किये गये 10x4 का सफेद लिफाफे में अपना स्वयं का स्पष्ट पूरा पता, पिनकोड सहित आवेदन पत्र के साथ निर्धारित तिथि तक कार्यालय के पते पर स्पीड पोस्ट/रजिस्ट्री द्वारा भेजे।

**कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि 24/8/2024 है।**
**डाक द्वारा जमा करने की अंतिम तिथि 12/8/2024 है।**
**नोटः मेरिट लिस्ट के अनुसार चयनित उम्मीद्वार को काल लेटर, ईमेल, वाट्सअप एवं मोबाईल मेसेज द्वारा सूचित कर दी जाएगी।**

**कार्यालय का पूरा पता । क्षेत्रीय कार्यालय, मॉडर्न इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंस (MIPS) जलगृह मार्ग, शीतला चौक के पास भाटागांव रायपुर (छ.ग.)**

**आवेदन हेतु पात्रता**
प्रति,
संचालक
मॉडर्न इंस्टिट्यूट ऑफ़ पैरामेडिकल साइंस संस्थान रायपुर, (छ.ग.)
महोदय,..........पाठ्यक्रम में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा / रही हूँ ।
आवेदक का नाम..........
पिता/पति का नाम..........
जन्म तिथि ..........
वर्ग अनु. जनजाति ☐ अनु. जाति ☐ पिछड़ा वर्ग ☐ सामान्य ☐
पत्र व्यवहार का पता ..........
.......... पिन कोड ..........
मो. नं. .......... व्हाट्सएप नं. .......... पालक का मो. नंबर..........
कक्षा 12 वीं उत्तीर्ण वर्ग ..........में प्राप्त अंक ..........
कुल प्रतिशत ..........मार्गदर्शन हेतु दूरभाष नं. ..........
हस्ताक्षकर ..........पालक का हस्ताक्षर ..........

पासपोर्ट साइज फोटो

## खबर संक्षेप



### धनेली में शेड व पेवर ब्लाक का हुआ लोकार्पण

**गुरूर।** ग्राम धनेली में शनिदेव मंदिर के पास तालाब पार में नवनिर्मित शेड तथा पेवर ब्लाक का लोकार्पण के साथ ही हाई स्कूल तालाब पार में महिला गार्डन में पौधारोपण कार्य तथा किचन शेड निर्माण हेतु दानदाताओं का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। अतिथियों ने विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अध्यक्ष जनपद पंचायत उपाध्यक्ष जनपद पंचायत गुरूर तोशण लाल साहू थे। विशेष अतिथि सभापति महिला एवं बाल विकास, जनपद पंचायत गुरूर राजेश्री यादेश्वर क्षत्रिय, सदस्य जनपद पंचायत गुरूर संध्या अजेन्द्र साहू, सरपंच ग्राम पंचायत धनेली गोविंद राम साहू, उपसरपंच, पंच उपस्थित थे।

### हाई स्कूल घीना में किया गया पौधारोपण



**बालोद।** शनिवार को शिक्षा सप्ताह का छठवाँ दिवस के अंतर्गत ग्राम घीना के हाई स्कूल में इको क्लब दिवस का आयोजन किया गया। एक पेड़ मां के नाम पर विद्यालय में पौधारोपण किया गया। बच्चों ने अपने माँ के साथ आकर विद्यालय परिसर में पौधे रोपे। साथ ही पौधारोपण अपने अपने खेतों व घेरा वाले स्थानों में पौधे रोपने संबंधी संदेश दिया गया। प्राचार्य एमएल ठाकुर ने बताया कि कारगिल विजय दिवस के अवसर पर शहीद हुए सैनिकों को श्रद्धांजलि दी गई तथा बच्चों से सैनिकों के लिए रक्षा सूत्र तथा एक चुटकी मिट्टी भी लाई गई है। इस उच्च कार्यालय को भेजी जाएगी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शिक्षक एवं ग्रामीण बच्चों सहित उपस्थित रहे।

### इनकम टैक्स अधिवक्ता 54.80 लाख की ठगी

**भिलाई।** शेयर ट्रेडिंग और आईपीओ ऐप से इंकम टैक्स अधिवक्ता से साइबर ठगी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने धारा 318( 4) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है।

---

**बैठक**

**ग्रामीण मंडल बालोद की बैठक जिला अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश**

# सभी सरपंच, जनपद व जिपं सदस्य भाजपा के हों : पवन





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्रामीण मंडल बालोद की बैठक जिला भाजपा कार्यालय जुंगेरा में हुई। बैठक के दौरा जिला अध्यक्ष पवन साहू ने लक्ष्य रखा कि पंचायत का हर सरपंच जनपद का हर सदस्य जिला पंचायत का हर सदस्य भाजपा का हो, इसी टैगलाइन को लेकर के हम सब चले।

मंडल अध्यक्ष प्रेम साहू के दिशा निर्देश में आयोजित बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में जिला अध्यक्ष पवन साहू ने कहा कि राज्य में सरकार बनाने के पश्चात केंद्र में भी हमारी सरकार बनी है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में नगरीय निकाय एवं पंचायत चुनाव होने हैं, इसलिए सभी कार्यकर्ता कमर कसकर तैयार हो जाएं। पूर्व जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश कार्य समिति सदस्य कृष्णकांत पवार ने बताया कि छत्तीसगढ़ में जिस दिन से भाजपा की सरकार बनी है, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में मोदी की गारंटी की लगभग आधे से अधिक घोषणाओं को बहुत कम समय में पूरा करने का रिकॉर्ड बनाया है। कार्यक्रम को राकेश यादव (छोटू) जिला महामंत्री, सुरेंद्र देशमुख और जगदीश देशमुख ने भी संबोधित किया। जिला मीडिया प्रभारी कमल पनपालिया एवं ग्रामीण महामंत्री दानेश्वर मिश्रा ने बताया कि बैठक में शोक संतप्त भाजपा परिवार के कार्यकर्ताओं को श्रद्धांजलि दी गई, जिसका वाचन अरुण साहू ने किया। अंतिम वक्ता छगन देशमुख ने आगामी संगठन के कार्यक्रमों की जानकारी दी।

बैठक में जितेंद्र साहू, कृतिका साहू, प्रकास नाहर, पालक ठाकुर, दुर्जन साहू, अशवन बारले, विकास साहू, देवधर साहू, प्रकाश रात्रे, मणिकांत बघेल, बहुर नेताम, लीलाराम डड़सेना, गणेश साहू, रश्मि साहू, हरिश्चंद्र साहू, द्रोपदी वर्मा, छगन देशमुख(छोटू), पूनम साहू, रमशीला साठिया, छगन साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे। स्वागत उद्बोधन अध्यक्ष प्रेम साहू ने दिया, संचालन मंडल महामंत्री दानेश्वर मिश्रा तथा आभार प्रदर्शन मण्डल उपाध्यक्ष कृष्णकुमार वर्मा ने किया। व्यवस्था में महामंत्री चित्रसेन साहू लगे रहे।

## अंजोरा मण्डल कार्यसमिति की बैठक में बनाई गई कार्ययोजना



**अंडा।** दुर्ग जिला अंजोरा मण्डल कार्यसमिति की बैठक अटल समरसता भवन अंजोरा में रविवार को आयोजित की गई। बैठक में आगामी राजनीतिक गतिविधियों को लेकर वर्किंग प्लानिंग बनाई गई।

इसके साथ ही निकाय और पंचायत चुनाव को लेकर भी रणनीति तैयार की गई। स्वागत भाषण मण्डल अध्यक्ष गिरेश साहू ने दिया और नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर बधाई प्रस्ताव मंडल महामंत्री पुराण देशमुख ने रखा। भारत की माननीय राष्ट्रपति श्रीमति द्रौपदी मुर्मू संसद में दिए गए अभिभाषण का सारांश अंजोरा मंडल प्रभारी संतोष सोनी ने राजनितिक प्रस्ताव नारायण साहू व प्रदेश कार्य समिति योजना कि प्रमुख बातें पूर्व ज़िला सहकारी समिति बैंक अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन ने प्रस्तुत की। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष गिरेश साहू, पूर्व जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन अंजोरा मंडल प्रभारी संतोष सोनी, सह मंडल प्रभारी नीलेश अग्रवाल, जिला पंचायत सदस्य व कार्यक्रम के मुख्य वक्ता जितेंद्र साहू, जनपद सदस्य भानाबाई ठाकुर सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

---




# धोबी रजक समाज को अनुसूचित जाति में शामिल करे सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- धोबी समाज ने मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

धोबी रजक समाज को अनुसूचित जाति में शामिल करने की मांग धोबी समाज ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से की है। इनके साथ पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरम लाल कौशिक, पूर्व केबिनेट मंत्री अमर अग्रवाल भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में धोबी समाज के प्रदेश अध्यक्ष विश्राम सिंह निर्मलकर एवं सभी प्रदेश संभागीय जिला पदाधिकारियों ने अपनी बात रखी।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से जब समाज के प्रदेश अध्यक्ष विश्राम सिह ने धोबी (रजक) समाज को अनुसूचित जाति ने जोड़ने का मांग पत्र सौंपा, तो श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार समावेशी विकास को बढ़ावा देते हुए समाज विकास के लिए प्रतिबद्ध है। समाज के सशक्तिकरण से ही राष्ट्र का निर्माण होता है, समाज की मांग अनुसूचित जाति मे शामिल आरक्षण कर लाभ मिले मांग पत्र पर विचार करेंगे, साथ ही विभिन्न सामाजिक मांग को पूरा करेंगे। इस दौरान धरम लाल कौशिक, राष्ट्रीय रजक महासंघ प्रदेश अध्यक्ष विश्राम निर्मलकर, विश्राम रजक भी उपस्थित थे।

विश्राम रजक ने कहा कि धोबी एक जाति है, न कि पद, परंतु राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में भर्ती प्रक्रिया में धोबी पद सृजन कर आरक्षण को विभाजित करने से धोबी जाति के लोगों का शोषण हो रहा है। धोबी रजक जाति का जीवन स्तर ऊंचा उठाने अन्य प्रदेश की भांति छत्तीसगढ़ सरकार धोबी(रजक) जाति को अनुसूचित जाति में शामिल करने राज्य सरकार से प्रस्ताव पारित कर अनुशंसा भारत सरकार को भेजने की मांग की। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश महासचिव सुरेश निर्मलकर किया।

---

## डौंडीलोहारा में हुआ बाल संस्कार शाला आचार्य प्रशिक्षण कार्यक्रम



**डौंडीलोहारा।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में रविवार को गायत्री प्रज्ञापीठ डौंडीलोहारा में बाल संस्कार शाला आचार्य प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जिसमें 25 भावी आचार्यों ने प्रशिक्षण ग्रहण किए। प्रशिक्षक मिलन सिन्हा ने बाल संस्कार शाला के महत्व और आवश्यकता बताते हुए कहा कि समाज को नई दिशा और दशा देना है तो छोटे छोटे बालकों में नैतिक, सामाजिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक ज्ञान भरना होगा। अतः यह संस्कार शाला बहुत ही सार्थक सिद्ध होता है। प्रशिक्षक पीलू राम साहू एवं विरेन्द्र साहू ने प्रायोगिक प्रशिक्षण के माध्यम से गीत, कहानी, महापुरुषों का प्रेरणा प्रद प्रसंग, जीवन जीने की कला, स्वस्थ रहने के उपाय, योग प्राणायाम आदि का प्रशिक्षण दिया गया। इस कार्यक्रम में कमकापार,खपराभाट, खैरकट्टा, डौंडीलोहारा, सिरपुर गांव से आचार्यगण शामिल हुए। इस अवसर पर ब्लाक समन्वयक भोलाराम साहू, मुख्य प्रबंध ट्रस्टी गोवर्धन उर्वशा, पुराणिक लाल सोरी ,ओमप्रकाश केसरा,तीरथ अटल ,विशम्भर बघमरिया, विदेशी राम चौहान, शिवेंद्र झारिया,खेमिन झारिया, सावित्री कंवर,कौशिल्या बघमरिया आदि का विशेष सहयोग रहा।

## मां कौशल्या धाम पाटेश्वर आश्रम में आज होगा शिवजी का जलाभिषेक

**डौंडीलोहारा/बालोद।** चौकी छुरिया क्षेत्र के करीब 300 शिवभक्तों की टोली रविवार को कंधे पर कांवड़ लेकर बोल बम का नारा लगाते हुए पाटेश्वर धाम के लिए रवाना हुए हैं।

रविवार को ग्राम रेंगाडबरी में कांवड़ यात्री रात्रि विश्राम कर सुबह भंवरमरा होते हुए सावन माह के दूसरे सोमवार 29 जुलाई को सुबह 11 बजे पाटेश्वर आश्रम पहुंच कर कोशल्या धाम में स्थापित भगवान शिव जी का जलाभिषेक कर महाप्रसादी ग्रहण करेंगे। जामड़ी पाटेश्वरधाम के संत श्रीराम बालक दास जी महात्यागी सुबह 7 बजे सैकड़ों कांवड़ियों के साथ रेंगाडबरी पहुंच कर कांवड़ यात्रियों की अगवानी करेंगे। संत श्रीराम बालक दास महात्यागी ने क्षेत्रवासियों व श्रद्धालु भक्तों से इस कांवड़ यात्रा में शामिल होने की अपील की है।



## पीएम मोदी की मन की बात सुनने से हर किसी को मिल रही प्रेरणा : जैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- भाजपा कार्यकर्ताओं ने रेलवे रैक पॉइंट के मजदूरों के साथ सुना रेडियो कार्यक्रम



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के जुलाई माह के अंतिम रविवार को आयोजित 112 वें एपिसोड को भाजपा शहर मंडल द्वारा रेलवे रैक पॉइंट के मजदूरों के साथ स्थानीय रेलवे माल गोदाम में सुना गया।

मन की बात कार्यक्रम में पीएम मोदी ने अपने संबोधन की शुरुआत पेरिस ओलंपिक से की। इस समय पूरी दुनिया में पेरिस ओलंपिक छाया हुआ है। ओलंपिक हमारे खिलाड़ियों को विश्व पटल पर तिरंगा लहराने का मौका देता है, देश के लिए कुछ कर गुजरने का मौका देता है। आप भी अपने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाएं, पीएम मोदी ने मैथ्स ओलंपियाड के विजेताओं को बधाई दी और संवाद भी किया। उक्त अवसर पर बाल संरक्षण आयोग के पूर्व अध्यक्ष यशवंत जैन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम से पता चलता है कि उन्हें देश के हर क्षेत्र की चिंता है। उनके मन की बात में देश के छोटे-छोटे क्षेत्र में की जा रही गतिविधियों, उनकी उपलब्धियों से देश अवगत हो रहा है। इससे दूसरों को भी प्रेरणा मिल रही है। इस दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष पवन साहू, पूर्व प्रदेश मंत्री राकेश यादव, पार्षद कमलेश सोनी, सुरेश निर्मलकर, संतोष कौशिक, नरेंद्र सोनवानी, विनोद जैन, महेश पाठक, कैलास बिसाई, पिंटू सारथी, मुरली साहू, रमेश यादव, देवेन्द्र साहू सहित रेलवे रैक पॉइंट के लगभग 260 मजदूर साथी विशेष रूप से उपस्थित थे।

---

## शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मना शिक्षा सप्ताह



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

नगर के संजयनगर में स्थित शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजना विद्यांजलि के विषय में जानकारी देते हुए नयी शिक्षा नीति 2020 के जानकारी देने हेतु शिक्षा सप्ताह के अंतर्गत प्रथम दिवस टी एल एम, द्वितीय दिवस एफ एल एन, तृतीय दिवस खेल गतिविधि, चतुर्थ दिवस सांस्कृतिक गतिविधि, पंचम दिवस डिजिटल पहल, छठवें दिवस न्यूट्रिशन डे व ईको क्लब और सातवें दिवस सामाजिक सहभागिता दिवस के रूप में मनाया गया।

सामाजिक सहभागिता दिवस में पालकों की उपस्थिति में बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतू योजना बनाया गया।सभी पालकों को व्याख्याता लवण कुमार के द्वारा शिक्षा सप्ताह मनाये जाने के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला गया। मंचासीन शिक्षकों डुप्ले साहू, संगीता पटेल, रवीन्द्रनाथ योगी के द्वारा आज के कार्यक्रम के विषय में जानकारी प्रदान किया गया।कार्यक्रम में बच्चों के द्वारा रंगारंग कार्यक्रम का प्रस्तुतिकरण किया गया।पालक पवन बंबोडे ने शिक्षा में पालक के योगदान पर प्रकाश डाला। प्रभारी प्राचार्य लूणकरण ठाकुर ने पालकों से घर में भी बच्चों को पढ़ाई व दिनचर्या निर्धारित करने के लिए प्रोत्साहित करने का आग्रह किया। संचालन हेमंत साहू व आभार ज्ञापन भूपेंद्र पटेल ने किया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों के साथ पालक उपस्थित थे।

**पूरे सप्ताहभर विविध गतिविधियों का किया गया आयोजन**

## पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला संबलपुर में मनाया गया शिक्षा सप्ताह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा




पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला संबलपुर में गुरु पूर्णिमा एवं शिक्षा सप्ताह के प्रथम दिवस टी एल एम प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों द्वारा टी एल एम का प्रदर्शन किया गया। द्वितीय दिवस पर एफ एल एन दिवस मनाया गया। इस अवसर पर एस एम सी के सदस्य एवं माताओं को आमंत्रित किया गया।

जिसमें माताओं को एफ एल एन के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई और बच्चों को घर में किस प्रकार बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान कराया जाए, इसके लिए उन्हें बच्चों के साथ गतिविधी करवाते हुए जागरूक किया गया। गतिविधी पश्चात स्मार्ट माता का चयन किया गया। तृतीय दिवस खेल दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों को विभिन्न प्रकार के खेलों के बारे में बताया गया। इस दौरान कंचा, फुगड़ी, और ग्रामीण स्तर के खेल कराए गए। उसके बाद बच्चों को अनुलोम- विलोम, सूर्यासन आदि अभ्यास कराए गए। चतुर्थ दिवस में सांस्कृतिक दिवस मनाया गया, जिसके अंतर्गत बच्चों के द्वारा गीत, कविता एवं नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। पांचवें दिन कौशल एवं डिजिटल पहल के अंतर्गत कारगिल विजय दिवस पर प्रधानमंत्री के उद्बोधन का लाइव प्रसारण बच्चों को दिखाया गया। वहीं, शिक्षक शिक्षिकाओं ने बच्चों को डिजीटल माध्यम से कविता ,कहानी एवं शिक्षाप्रद जानकारियां दीं। बच्चों ने डिजिटल सामग्रियों के मॉडल भी प्रस्तुत किया गया। षष्ठम दिवस मिशन लाइफ/ईको क्लब दिवस पर शाला में ईको क्लब का गठन कर शपथ ग्रहण करवाया गया एवं शाला परिसर में शिक्षक,बच्चों और पालकों के द्वारा एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत वृक्षारोपण किया। सप्तम दिवस सामुदायिक भागीदारी दिवस के रूप में मनाया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत शिक्षक, स्थानीय समुदाय, जन प्रतिनिधि, पालक एवं एसएमसी के सदस्य शामिल हुए। सभी सदस्यों को शाला विकास कार्ययोजना के क्रियान्वयन में सहभागिता के लिए आग्रह किया गया।

## नागरिकों की समस्याएं जानने उनके वार्डों में ही पहुंच रहा नपा प्रशासन



- नगरीय निकायों में लगाए जा रहे हैं जनसमस्या निवारण शिविर

**बालोद।** निगम प्रशासन द्वारा आम जनता के बीच पहुँचकर उनकी वास्तविक समस्याओं से रूबरू होने तथा उनके मांगों एवं समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए जिला मुख्यालय बालोद सहित जिले के विभिन्न नगरीय निकायों में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया।

नगर पालिका बालोद के वार्ड क्रमांक 01 शहीद भगत सिंह एवं वार्ड क्रमांक 20 इंदिरा वार्ड के निवासियों के लिए आयोजित शिविर में राशन कार्ड बनाने के लिए कुल 26, लोक निर्माण विभाग से संबंधित कुल 26, प्रधानमंत्री आवास योजना आवास निर्माण हेतु कुल 07, पेयजल से संबंधित 09, राजस्व विभाग से संबंधित कुल 05, विद्युत विभाग से संबंधित कुल 12 आवेदनों के अलावा शिविर में जन्म–मृत्यु, शहरी आजीविका मिशन, समाज कल्याण, महिला बाल विकास, भवन अनुज्ञा, सामाजिक पेंशन आदि से संबंधित कुल 87 आवेदन पत्र प्राप्त हुए।

शिविर में उपस्थित नगर पालिका अध्यक्ष विकास चोपड़ा एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी और अन्य जनप्रतिनिधियों के द्वारा संबंधित विभाग के अधिकारियों को तलब कर शिविर में प्राप्त आवेदनों के निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसी तरह नगर पालिका दल्लीराजहरा के वार्ड क्रमांक 01 एवं 02 के लिए वार्ड क्रमांक 01 दुर्गा मंच के पास आयोजित जन समस्या निवारण शिविर में कुल 35 आवेदन प्राप्त हुए थे। प्राप्त 35 आवेदन पत्रें में से 32 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। इसी तरह नगर पंचायत डौण्डी के वार्ड क्रमांक 04 एवं 05 के लिए सामुदायिक भवन वार्ड 05 के पास आयोजित जन समस्या निवारण शिविर में कुल 15 आवेदन प्राप्त हुए थे। जिसमें से कुल 06 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। नगर पंचायत अर्जुंदा में वार्ड क्रमांक 01 एवं 02 के लिए निषाद सामुदायिक भवन वार्ड क्रमांक 01 में आयोजित शिविर में कुल 19 आवेदन प्राप्त हुए थे। जिसमें से कुल 03 आवेदनों का मौके पर निराकरण किया गया। नगर पंचायत डौण्डीलोहारा के वार्ड क्रमांक 01, 02 एवं 03 के लिए वार्ड नंबर 01 दुर्गा चौक में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 23 आवेदन प्राप्त हुए थे। जिसमें से कुल 12 आवेदनों का मौके पर निराकरण किया गया। नगर पंचायत चिखलाकसा में आयोजित शिविर में कुल 45 आवेदन प्राप्त हुए थे।

---

**ओबीसी महासभा ने 22 बिन्दुओं पर मुख्यमंत्री के नाम विधायकों को सौंपा ज्ञापन**

# लंबित 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण अविलंब लागू करे राज्य सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



ओबीसी महासभा प्रदेश इकाई छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष ओबीसी राधेश्याम के नेतृत्व में अन्य पिछड़ा वर्ग के हित संवर्धन एवं संरक्षण के लिए जनकल्याणकारी योजनाओं में संख्या के बराबर हिस्सेदारी प्रदान करने बाबत विधानसभा सत्र के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ,स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक जगदलपुर किरण देव ,धमतरी विधायक ओंकार साहू, रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू, वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ,पंडरिया विधायक भावना बोहरा सहित अनेक विधायकों के माध्यम से 22 बिन्दुओं पर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि चंद्रपुर विधायक रामकुमार यादव के सहयोग से विधानसभा सत्र का अवलोकन किया गया। वहीं, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के साथ बैठक कराकर ओबीसी के हित संरक्षण एवं संवर्धन के लिए अनेक बिंदु पर चर्चा की गई। इसके साथ ही ओबीसी के 22 बिंदु मुद्दे पर सरकार को 2 दिसंबर 2022 को पारित आरक्षण संशोधन विधेयक में राज्यपाल के हस्ताक्षर किए जाने की मांग दोहराई।

ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रदेश अध्यक्ष ओबीसी राधेश्याम, प्रदेश उपाध्यक्ष महेश गौरव, प्रदेश महासचिव यज्ञदेव पटेल एवं ओबीसी युगलकिशोर, प्रदेश कोषाध्यक्ष महावीर कलिहारी, प्रदेश सचिव घनश्याम साहू एवं अजय चंद्राकर, चंद्रशेखर साहू ,वेद प्रकाश चंद्राकर, बालोद जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा ओबीसी भगवती, राजनांदगांव जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा कांति मौर्या, प्रदेश सहसचिव द्वय मनसुखदास साहू, पुनेश्वर देवांगन, बालोद जिला अध्यक्ष संतोष कौशिक, जिलाध्यक्ष सक्ति खेमराज कश्यप सहित बड़ी संख्या में प्रदेशभर के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### पेंशन के लिए पूर्व सेवा गणना जरूरी

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन की जिला बैठक जिला अध्यक्ष की अध्यक्षता में जिला अध्यक्ष शत्रुघन साहू ने कहा है कि, हमारे पूर्व के नियुक्त साथी बिना पेंशन के सेवानिवृत्त हो रहे है। अत्यन्त दुखद है कि, उन्हें न तो पुरानी पेंशन मिल रही है और न ही नया पेंशन मिला है। हमे एकजुट होकर सभी शिक्षकों के पुरानी पेंशन हेतु संघर्ष के लिए तैयार रहना है। पूर्व की सेवा का गणना करते हुए प्रथम नियुक्ति तिथि को पेंशन हेतु मान्य किये जाने सतत सक्रिय रहने का जिला बैठक में निर्णय लिया गया। प्राचार्य, व्याख्याता, प्रधान पाठक मिडिल, प्रायमरी, शिक्षक के रिक्त सभी पदों पर पदोन्नत्विक लिए एसोसिएशन मुखर होकर कार्य करेंगे। पूर्व सेवा की गणना करते हुए कुल 20 वर्ष की सेवा में पूर्ण पेंशन देने एवं 12% से अधिक राशि की स्वैछिक कटौती किये जाने का पक्ष रखा जाएगा। पूर्व सेवा गणना को मुख्य रूप से रखते हुए क्रमोन्नति वेतनमान के लाभ हेतु प्रयास किया जाएगा। सहायक शिक्षकों के वेतन विसंगति को दूर करने हेतु प्रयास किया जाएगा। बैठक में प्रमुख रूप से जयंत यादव ,वीरेंद्र वर्मा ,घनश्याम देवांगन , किशन देशमुख, संजय चंद्राकर, चंद्रहास साहू ,रोहित देशमुख सहित शिक्षक एल बी संवर्ग शामिल हुए।

### बजट से किसानों को मिलेगा भरपूर लाभ

**दुर्ग।** जिला भाजपा किसान मोर्चा के अध्यक्षा विनायक ताम्रकार ने कहा कि केन्द्र द्वारा जारी इस बजट में कृषि पर 1.5 लाख करोड़ खर्च होंगे और 6 करोड़ किसान की जमीन का रजिस्ट्री रिकॉर्ड में दर्ज होगा। इससे उन्हें किसान क्रेडिट कार्ड बनाने में आसानी होगी 400 जिले में खरीफ फसल के लिए डिजिटल फसल सर्वे होगा। जिससे उन्हें बीमा का लाभ एवं प्राकृतिक आपदा की स्पष्ट जानकारी मिलेगी। वही 2 साल में एक करोड़ किसान को प्राकृतिक खेती से जोड़ा जाएगा, जो स्वागत योग्य है। इसके आगे छत्तीसगढ़ सरकार को अपने बजट में अटल ज्योति योजना में 24 घंटे विद्युत देने की योजना तथा एफपीओ के माध्यम से किसानों को उसके उत्पादन की उचित मूल्य मिले इसके लिए खरीफ सीजन और रवि सीजन की खरीदी सहकारी समिति के माध्यम से की जाए।

### सामाजिक जन जागरूकता अभियान

**अंडा।** ग्राम आलबरस में युवा प्रकोष्ठ द्वारा भरदा, चंगोरी परिक्षेत्र में समाजिक जन जागरूकता अभियान संपन्न हुई। वहीं कार्यक्रम में संतोषी निषाद महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष विरेन्द्र निषाद युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष इस कार्यक्रम में शामिल हुए। संतोषी निषाद ने समाज को संबोधित करते हुए नारी को सशक्त करने के लिए आवाज उठाओ, शिक्षित समाज की आओ नींव बन जाओ नारी सशक्तिकरण से ही समाज को सशक्त करना है यही हमारा परम कर्तव्य है।
तथा प्रत्येक गांव समाज के महिलाओं को पैसे जोड़कर समिति समूह एवं संगठन बनाकर आत्मनिर्भर बनने पर जोर दिया। विरेन्द्र निषाद युवा अध्यक्ष ने गांव समाज में युवा ,महिला प्रकोष्ठ का गांवों में गठन करने की अपील की तथा सामाजिक संदेश के तहत दुर्ग जिले के अंतर्गत जिले में सभी परिक्षेत्रीय में जन जागरूकता अभियान चलाने पर जोर दिया।

# स्पैरो के हटने से निगम में सालाना दस करोड़ का होगा इजाफा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगरनिगम में स्पैरो का टेंडर समाप्त होने के बाद इस बात की पुष्टि हुई हैं कि, कंपनी ने कई बडे बकायादारों के नाम की एंट्री नही की थी। निगम द्वारा वार्डवार भौतिक सत्यापन किए जाने के बाद बकायदारों की संख्या में न सिर्फ बढोत्तरी बल्कि संपत्ति, समेकित और जलकर में इजाफा दर्ज किया गया है। जिसके अनुसार अब हर साल निगम के खजाने में दस करोड अधिक जमा होगा।

जानकारी अनुसार वर्ष 2023-24 में निगम ने सालाना टारगेट 19 करोड लाख तय किया था। लेकिन भौतिक सत्यापन में बकायादारों के नाम सार्वजनिक होने के बाद वर्ष 2024-25 में सालाना टारगेट 29 करोड 97 लाख रखा गया है। स्पैरों कंपनी द्वारा टैक्स वसूली में लाखों रूपए का गडबडी की गई थी। शुरूआती जांच में ही बीस लाख से अधिक का अंतर पाया गया था। इसके बाद भी निगम प्रशासन द्वारा कोई कार्यवाही नही की गई। यही कारण है कि, खुली छूट देने का ही नजीता हैं कि, स्पैरो कंपनी के कर्मचारी अभी भी शहर में अवैध तरीके से टैक्स वसूली कर रहे हे। जिसकी निगम प्रशासन को लगातार शिकायत भी मिल रही है। शुक्रवार को ही निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर द्वारा एक पत्र जारी कर लोगों को स्पैरों कंपनी के कर्मचारी को टैक्स भुगतान नही किए जाने की अपील की गई है।

## कंपनी ने बकाएदार के नाम को छिपाया, फिर भी निगम ने दी खुली छूट

### स्पैरो के हटने के बाद दस करोड़ का अंतर ऐसे, जानिए

नगरनिगम द्वारा हर साल जहां 19 करोड रूपए की ही सालाना वसूली की जाती थी। लेकिन वर्ष 2024 में निगम अधिकारियों के द्वारा वसूली किए जाने के दौरान काफी बढोत्तरी हुई है। जांच में पता चला कि, कंपनी ने कई बकायादारों के नाम की एंट्री नही की जाती थी। यही कारण है कि, पहली बार निगम ने सालाना वसूली के लिए अब 29 करोड 97 लाख रूपए वसूली का टारगेट रखा है। इस तरह राजस्व के लिए टारगेट से यह स्पष्ट है कि, कंपनी ने निगम के खजाने पर जमकर सेंधमारी की थी।




### पहले और अब के टारगेट में अंतर (मुख्य मद)

| मद | 2023-24 | 2024-25 |
|---|---|---|
| संपत्ति कर | 850 | 905.23 |
| समेकित कर | 185 | 413.68 |
| जलकर | 460 | 648.39 |
| दुकानों का किराया | 110 | 174.62 |

## खुलासा : बैंक में आवास ऋण मामले में चल रहा फर्जीवाड़े का खेल

# फर्जी दस्तावेज के जरिए बैंक से लाखों का आवास ऋण घोटाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिला सहकारी केन्द्रिय बैंक के नवागढ शाखा में 75 लाख रूपए ऋण घोटाले के बाद आवास ऋण के जरिए लोन के नाम पर अफसर और हितग्राहियों ने मिलकर लाखों रूपए ढकारने के मामले फिर सामने आए है। बेमेतरा का देवकर और दुर्ग जिला का मुरमुंदा शाखा में करीब 19 लाख रूपए होम लोन लेकर बगैर आवास बनाए लाखों रूपए वारा-न्यारा कर लिया गया। हैरानी की बात हैं कि, बकायदा इसकी जांच भी कराई गई। लेकिन बैंक प्रशासन द्वारा कोई कार्यवाही नही की गई है।

दुर्ग जिला सहकारी केन्द्रिय बैंक की प्राधिकृत अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी है। ऐसे में उम्मीद है, कि बैंक में लंबे समय से आवास ऋण के नाम पर हो रहे उगाही पर लगाम लगाएंगी। जानकारी अनुसार देवकर शाखा में अशोक कुमार शर्मा पिता भगवती प्रसाद शर्मा जामगांव का खाता एनपीए (डूबत) होने के बाद जांच कराई गई। तत्कालीन शाखा प्रबंधक केके नायक के निर्देश पर जांच अधिकारी एके निवसरकर वर्ग एक अधिकारी ने जांच की थी। जांच प्रतिवेदन में उन्होने बताया कि, 12 सौ वर्गफीट भूतल और प्रथम तल का निर्माण यानि 2400 वर्गफीट में किया जाना था। जिसके लागत का आंकलन 24 लाख 53 हजार किया गया था। इस प्रकरण पर बैंक ने विगत पांच मार्च 2019 को पन्द्रह लाख रूपए जारी कर दिया। खाता एनपीए होने के बाद बैंक की वसूली प्रभारी मोहन साहू एवं मोहल माला से प्रथम जांच कराई गई। इनके जांच अनुसार 13 मार्च 2019 को चार लाख प्रथम किस्त जारी किया गया, वहीं दस अप्रैल 2019 को ही पांच लाख और दस जून 2019 को फिर चार लाख तथा चतुर्थ ऋण तीन अगस्त 2019 को एक लाख इस तरह पन्द्रह लाख जारी कर दिया गया।

जमीन 2400 वर्गफीट स्टीमेट के मूल्यांकन अनुसार 24 लाख 53 हजार अनुमानित लागत लगना था। इसमें 9.53 हजार हितग्राही को स्वयं लगाना था। लेकिन बैंक ने 15 लाख जारी कर दिए। जांच में पाया कि, यहां सिर्फ 668.47 वर्गफीट में मकान बने थे, जिसकी कीमत सिर्फ 4 लाख रूपए पाई गई। इस तरह 11 लाख घोटाला कर बैंक को नुकसान पहुंचा गया है। इसमें स्थल का वेरिफिकेशन एवं कर्ज वितरण तत्कालीन शाखा प्रबंधक राकेश सैनिक द्वारा किया गया था। जिन्हें दोषी बताया गया है, जो वर्तमान में नगपुरा में शाखा प्रबंधक है।

## दोनों मामले में शाखा प्रबंधक और वसूली अधिकारी ने की जांच

**खास बातें**

- किसानों के बैंक में रसूखदार शासन को लगा रहे चूना
- आवास ऋण की जांच रिपोर्ट दबाई, दोषियों पर कार्यवाही नहीं
- फर्जी स्टीमेट बनाकर शाखा प्रबंधक और हितग्राहियों का खेल




### मुरमुंदा में 12 लाख लोन, खर्च चार लाख रूपए

दुर्ग के शाखा मुरमुंदा में भी तत्कालीन शाखा प्रबंधक दिनेश वर्मा ने जांच की थी। जिसमें ऋणी अजय कुमार टोकेकर पिता नारायण राव टोकेकर द्वारा 2400 वर्गफीट की जमीन बताकर 12 लाख रूपए निकाल लिए। जबकि जांच में पता चला कि, इनके द्वारा मकान में सिर्फ चार लाख 89 रूपए 715.50 वर्गफीट पर खर्च किए गए। इनके द्वारा करीब आठ लाख राशि ढकार कर खाता को एनपीए किया गया। इस प्रकरण में कराए गए जांच रिपोर्ट 14 फरवरी 2022 के अनुसार स्वीकृति 22 अक्टूबर 2018 को पहली किस्त चार लाख दी गई। जबकि आखिरी और चौथी किस्त नौ माह में ही पूरी बारह लाख जारी कर दी। जांच रिपोर्ट अनुसार खर्च चार लाख 89 हजार किया गया। इसमें शाखा प्रबंधक राजेश शर्मा को खाता एनपीए होने पर दोषी बताया गया है, जो वर्तमान में बोरसी शाखा प्रबंधक है।

### स्टीमेट और ऋण स्वीकृति तक खेल

जिला सहकारी केन्द्रिय बैंक की अगर सिर्फ होम लोन मामले में ही जांच कराया जाए, तो लाखों रूपए की गडबडी सामने आएगी। इन दोनो मामले में स्टीमेट बढाकर बनाया गया था। वही जमीन भी अधिक बताकर स्टीमेट तैयार किया जाता था। लेकिन मौके पर उतनी जमीन पर राशि खर्च ही नही हुई। यहां तक कि, जितना लोन लिया गया, उतनी राशि भी खर्च नही कर लाखों रूपए गटक लिए गए। वही बैंक से लिए गए कर्ज का भुगतान नही कर खाता को डूबत तक पहुंचा दिया गया। किसानों के बैंक में आवास ऋण के नाम पर लंबे समय से घोटाले को अंजाम दिया जा रहा है।

**होगी कार्यवाही**

"जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के जिस भी शाखा में गड़बड़ी हुई है। सभी मामले में दोषियों पर कडी से कडी कार्यवाही की जाएगी।
-**ऋचा प्रकाश चौधरी,** कलेक्टर व प्राधिकृत अधिकारी दुर्ग

# भाजपा मंडल अध्यक्ष राजपूत पर लगे कई गंभीर आरोप राजधानी तक पहुंची बात

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा


विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव के बाद कार्यकर्ताओं में जो आस थी, उसमें अब निराशा नजर आने लगी है। पूरे विधनसभा में पार्टी के कार्यकर्ता कई गुटों में बंट नजर आ रहे हैं। कार्यकर्ता जो सत्ता सुख के सपने मन में पाले थे, अब उनके मन से काफूर होने लगा है। यही कारण है कि लगातार पार्टी स्तर पर एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप का सिलसिला जारी है। साजा में गतिरोध और विरोध इस हद तक बढ़ गया है कि वे पार्टी हाई कमान से मिलकर कई पदाधिकारियों को तत्काल पद से हटाने की मांग रायपुर पहुंच कर डाली। इसका ताजा मामला साजा विधानसभा के परपोड़ी मंडल का है। मंडल कार्यकर्ता इन दिनों अपने ही मंडल अध्यक्ष राजेंद्र राजपूत और महामंत्री सतीश जैन पर कई गंभीर आरोप लगाते हुए शीर्ष नेतृत्व से उन्हें पद से हटाने की मांग कर रहे हैं।

- मंडल कार्य समिति की बैठक में कड़ा विरोध, पद से हटाने की मांग

बुधवार को आयोजित साजा विधानसभा के परपोड़ी मंडल कार्यसमिति की बैठक भी काफी हंगामेदार रही। बैठक में अध्यक्ष राजेंद्र राजपूत पर कांग्रेसियों से पैसा लेकर काम देने पार्टी से आये फंड को गबन करने व फोन से पार्टी के युवा मोर्चा उपाध्यक्ष प्रमोद साहू को आधी रात फोन पर गालीगलौज करने का आरोप लगाया गया। इतना ही नहीं उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग भी की गई है। हालांकि, इस मामले में अध्यक्ष राजेंद्र ठाकुर ने अपने ऊपर लगाए सभी आरोपों को सिरे से नकार दिया है।

### साजा विधायक से भी शिकायत

गौरतलब हो कि साजा विधानसभा में चुनाव जीतकर विधायक बने ईश्वर साहू की राजनितिक पृष्ठभूमि नहीं है। कुछ कार्यकर्ताओं का आरोप है कि उन्हें राजनीति की समझ नहीं है और वे कार्यकर्ताओं की परख नहीं कर पा रहे हैं, इसलिए चाटुकार किस्म के लोगों के बीच ही सिमट कर रह गए हैं। इससे पार्टी के आम कार्यकर्ता निराश और परेशान हैं। उनका कहना है कि जिस ईश्वर साहू को जिताने हजारों कार्यकर्ताओं ने अपनी नींद हराम की, आज वे ही अपनी अस्तित्व के लिए लड़ाई लड़ रहे हैं और गुहार लगा रहे हैं।



### कार्यकर्ताओं की नाराजगी नगरीय निकाय व पंचायत चुनाव में पड़ सकती है भारी

वहीं, अंदर खाने की माने तो विधानसभा मे वरिष्ठ नेताओं को भी नजरअंदाज किये जाने की चर्चा है। वे संगठन चुनाव के इंतजार में हैं। मात्र 6 माह में निर्मित इन गतिरोधों के चलते पूरे क्षेत्र के कार्यकर्ताओं में नाराजगी व्याप्त है। विरोध इस बात को लेकर भी है कि विधानसभा में सारे छोटे बड़े काम चाहे मध्यान्ह भोजन की बात हो या सोसाइटी अपने चहेतों को दिया जा रहा है। सबसे बड़ी बात तो यह है कि आने वाले 4-5 माह में स्थानीय नगरीय चुनाव एवं पंचायतों के चुनाव होने वाले हैं। ऐसे में कार्यकर्ताओं की नाराजगी सत्तारूढ़ भाजपा के लिए घातक तथा विपक्षी पार्टी के वरदान साबित हो सकती है।

# कुशाभाऊ ठाकरे भवन में 29 से जनसमस्या निवारण पखवाड़ा शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

29 जुलाई से 08 अगस्त तक जनसमस्या निवारण पखवाड़ा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। वार्ड वार सुबह 10 से दोपहर तीन बजे तक चयनित स्थान पर जन समस्या निवारण पखवाड़ा शिविर में आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे। शिविर को संपादित कराने कार्यपालन अभियंता दिनेश कुमार नेताम को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया हैं। 29 जुलाई को कुशाभाऊ ठाकरे भवन आदित्य नगर में होगा। इसमें वार्ड 14 से 22 तक एवं 57 से वार्ड 60 तक के निवासियों द्वारा समस्या निवारण के लिए आवेदन प्रस्तुत किये जा सकेंगे।

- 8 अगस्त तक अलग-अलग स्थानों में शिविर

इसी प्रकार अन्य वार्डों में भी जनसमस्या निवारण पखवाड़ा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। 31 जुलाई अंगार मोती सामुदायिक भवन वार्ड 33 में वार्ड 1 से 6 तक 33 से 35 तक एवं वार्ड 56 तक, 1 अगस्त को बुद्ध विहार शंकर नगर वार्ड 7 से वार्ड 13 तक, 5 अगस्त को जोन कार्यालय बोरसी में 50 से वार्ड 55 तक इसके अलावा 7 अगस्त को विवेकानद भवन सभागार में वार्ड 36 से लेकर वार्ड 49 तक एवं 8 अगस्त को सिंधु भवन वार्ड 24 में शिविर वार्ड 23 से वार्ड 32 तक के वार्डवासियों के लिए होगा। वार्ड वार नागरिको की सुविधा को ध्यान में रखते हुए वार्ड के नागरिको से आवेदन लिया जाएगा।

## पेज 9 के शेष

### अब तक जिले में ...

गया है। प्रदेश में सोमवार को अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छीटे पड़ने की संभावना है।

### जान जोखिम में ...

कर दें एवं मित्रों व रिश्तेदारों को अपने प्रस्थान की जानकारी दें। पुलिस और दमकल अधिकारियों के अनुदेशों का पालन करें व उन्हें सहयोग दें, आपकी सुरक्षा उनका ध्येय है। उबाला हुआ या क्लोरीन की टेबलेट से साफ किया हुआ पानी पियें। सांप, विषधर प्राणियों से बचकर रहें। प्रायः बाढ़ के समय सांप के काटने की घटनाएं होती हैं। नवीनतम जानकारी हेतु स्थानीय मौसम और समाचार रिपोर्टों को सुनें। अपने आसपास वातावरण को साफ एवं स्वच्छ रखें।

**पीने के लिए उपयोग में न लाएं बाढ़ का पानी:** कलेक्टर ने कहा कि बाढ़ का पानी न पियें और न ही उससे भोजन पकाएं। बाढ़ के पानी के सम्पर्क में आया हुआ खाद्य पदार्थ न खायें। बाढ़-ग्रस्त क्षेत्र में न जाएं तथा गाड़ी चलाने से बचें। मदद के बिना बाढ़ के पानी में न जाएं, बच्चों को बाढ़ के पानी के पास खेलने ना दें। उन बिजली उपकरणों का प्रयोग न करें, जो बाढ़ के पानी में भीगे हों। अफवाहें न फैलायें और न ही उन पर ध्यान दें।

### तिरपाल के सहारे ...

व्यक्ति की मौत हुई, तो उनके अंतिम क्रियाकर्म के दौरान आग की लपेटे के बीच प्लास्टिक की बड़ी सीट व झिल्ली के सहारे बरसते पानी में दाह संस्कार को पूरा किया गया। जो ग्रामीणों के लिए काफी कष्टदायक रहा। जिम्मेदार शासन- प्रशासन की अनदेखी का तकाजा आमलोगों को भुगतना पड़ रहा है, जो चिंताजनक है।

### ओम साईं संस्कृत विद्यालय ...

सोनी वरिष्ठ भाजपा नेता मन्नू चकधारी, माधव यादव, अजीत बैग, अध्यक्ष डॉक्टर आरएल साहू, युवा मोर्चा अध्यक्ष गोल्डी साहू, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष चिंता पटेल, पूर्व पार्षद बुधारु साहू, सुरेश सिन्हा, सन्नी साहू, दिनेश यादव, पूरन साहू, संजू साहू, इंद्रमण निषाद, संतोष निषाद, बद्री सिन्हा, मुजीत बैग सहित भाजपा के स्थानीय कार्यकर्ता एवं स्कूल के स्टॉफ बच्चे एवं नागरिक मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### हांटरांका स्कूल में हुआ ...

माध्यमिक शाला हांटरांका के प्रांगण में शिक्षार्थियों को साक्षर बनाने के लिए स्वयंसेवी शिक्षक, ग्राम पंचायत के सरपंच प्रतिनिधि, समस्त ग्रामवासी एवं शिक्षकों की उपस्थिति में हुआ। इस शपथ ग्रहण कार्यक्रम में सरपंच प्रतिनिधि खिलावन साहू, नारायण सिंह, पालेश्वर साहू, हेमंत निषाद, खोमलाल वर्मा, भुनेश्वर निषाद, अमर सिंह वर्मा, फूलसिंह निषाद, करण निषाद, शिवा, विनय साहू , साथ ही विद्यालय परिवार से प्रधानपाठक आलोक तिवारी, विमलकुमार वर्मा, गंगाधर वर्मा, शंकर वर्मा, हेमलाल साहू, संकुल संमन्वयक पीलुराम साहू, जितेन्द्र साहू, स्वयंसेवी शिक्षक गोदावरी सेन, खेमिन सेन, रीना ठाकुर, भावना सेन, प्राथमिक शाला प्रधानपाठक विकास चौबे एवं शिक्षक देवचंद देवांगन उपस्थित थे।

### किसानों को नहीं मिली बोनस की चौथी किस्त, बैठक में बनेगी रणनीति

**दुर्ग।** केंद्र सरकार द्वारा कृषि ऋण पर किसानों को 3% ब्याज सब्सिडी प्रदान किया जाता है। लेकिन पिछले 3 साल से ऋणी किसानों को ब्याज सब्सिडी का भुगतान नहीं किया गया है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का खूब प्रचार किया जाता है, छत्तीसगढ़ में उद्यानिकी फसलों का उत्पादन करने वाले किसानों ने पिछले खरीफ और रबी फसलों का बीमा कराया था। लेकिन एक साल बाद तक भी बीमा कंपनी द्वारा प्रभावित किसानों को बीमा दावा राशि का भुगतान नहीं किया गया है।

KS GROUP
PUNJAB | INDIA

KS 9300 SELF PROPELLED
COMBINE HARVESTER
BOOK NOW
Loan Facility Available
Available on Reasonable Interest Rate
AUTHORISED DISTRIBUTOR
KAMLA MOTORS
G.E. ROAD, GANJPARA, DURG (C.G.)
90398-79080, 94255-50265

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI DAGANIA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
अग्रसेन एजुकेशन केम्पस,ग्राम -डगनिया, दुर्ग-बलोद मेन रोड, तह. गुण्डरदेही, जिला-बालोद (छ.ग.)
89595-93937 • 89595-44444

Health Town
K'sagar's
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुवैद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### आनंदगांव से सोमनाथ तक निकलेगी कांवर यात्रा

**बेमेतरा।** सावन माह के पावन अवसर पर बोल बम सोमनाथ कांवड़ यात्रा का भव्य शुभारंभ प्रतिवर्ष की भांति हो रहा है। इसके तहत शिवभक्तों की टोली ग्राम आनंदगाँव से कांवड़ लेकर पैदल निकलेगी। पदयात्रा का समापन तेलगा, बारगाँव, पाहन्दा, अछोली, जमघट गाँव से होकर ग्राम सोमनाथ में होगा। इस दौरान बड़ी संख्या में कोवड़ लेकर शिव बाबा के भक्त शामिल होंगे।

### पिकरीपार में किया गया पौधारोपण



**बालोद/कलंगपुर।** शासकीय प्राथमिक शाला पिकरीपार में छायादार व फलदार वृक्षों का रोपण कर उनके देख रेख एवं सुरक्षा का संकल्प लिया गया। साथ ही यहां के सरपंच चंदा साहू व जनप्रतिनिधियों ने गांव के मुक्ति धाम में बरगद, पीपल व अशोक झाड़ एवं अन्य छायादार पौधों का रोपण किया। इस अवसर पर सरपंच चंदा साहू, प्रधान पाठक लीलाराम साहू, शाला विकास समिति अध्यक्ष राधेलाल साहू, शिक्षक चुम्मन लाल साहू, गजेंद्र साहू, लुकेश्वरी, जमुना, हीरा, भगवती, रामेश्वरी, ननकी, शेखर साहू, कुलेश्वरी, व्यासनारायण, श्यामलाल सहित ग्रामीण जन उपस्थित थे।

### जनप्रतिनिधियों व छात्रों ने देखी विस कार्यवाही

**गुरूर।** ग्राम बोहारा में स्कूली बच्चों के साथ ग्राम पंचायत के पदाधिकारी तथा ग्रामीणों को विधायक संगीता सिन्हा के मार्गदर्शन में विधानसभा की कार्यवाही से रूबरू कराया गया। जिसके बाद बच्चों के साथ ग्रामीण व पदाधिकारियों ने विधायक के साथ फोटो भी ली। वहीं, सभी ने विधायक संगीता सिन्हा के प्रति इस यादगार लम्हे पर आभार व्यक्त किया।

### शासकीय विद्यालय गुंडरदेही में मना कारगिल विजय दिवस

**बालोद।** शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गुण्डरदेही रासेयो ईकाई द्वारा कारगिल विजय दिवस पर शहीदों के सम्मान में देशभक्ति गीत मनीषा, प्राची, सुहानी, खुशी, सैन्या, पोसिका, खिलेश्वरी, महिमा, हर्ष, गौरव द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के अतिथि प्राचार्य एके सेन चौधरी, ओपी.साहू, मिथलेश चन्द्राकर, शीतल ठाकुर, संजय शुक्ला उपस्थित रहे। सर्व प्रथम स्वामी विवेकानन्द व शहीदों के तस्वीर की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। ओपी साहू ने शहीदों की शौर्य गाथा व भारत के प्रति सेना का समर्पण व सुरक्षा व हमारे सामाजिक दायित्व पर व्याख्यान दिया। प्राचार्य ने कारगिल युद्ध के संबंध में जानकारी दी। संजय शुक्ला ने कारगिल युद्ध में सेना के पराक्रम व शौर्य गाथा पर विशेष जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन केएस.कुल्हारे कार्यक्रम अधिकारी व मिथलेश चन्द्राकार व्याख्याता ने किया। बच्चों ने अपने भाषण प्रस्तुत किए देश की सेना के शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई, सभी ने पंचप्रण शपथ ली।

# केवीके प्रक्षेत्र में सोयाबीन, उड़द और धान बीज उत्पादन के लिए बोआई

## इंगां कृविवि के निदेशक डॉ. अजय ने प्रदर्शन इकाईयों का किया भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर के निदेशक विस्तार सेवाएं डॉ. अजय वर्मा ने कृषि विज्ञान केन्द्र, बेमेतरा के अंतर्गत संचालित केवीके प्रक्षेत्र एवं कृषक प्रक्षेत्र के विभिन्न गतिविधियों का समीक्षा कर प्रदर्शन इकाईयों का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान केन्द्र के प्रमुख तोषण कुमार ठाकुर ने जानकारी दी कि खरीफ 2024 में केवीके प्रक्षेत्र में सोयबीन, उड़द एवं धान के फसलों का बीज उत्पादन कार्यों के लिए बुआई तथा रोपाई का कार्य पूर्ण हो चुका है। साथ ही केवीके के स्माल नर्सरी एवं हाई टेक नर्सरी में पौध एवं सब्जी वर्गीय फसलों का पौध समाग्री का उत्पादन कार्य प्रगति पर है। इसके साथ ही केवीके द्वारा कृषक प्रक्षेत्र में सोयबीन एवं मूंगफली की उन्नत किस्मों का 80 हेक्टेयर क्षेत्र में समूह अग्रिम फसल प्रदर्शन भी लिया जा रहा है। डॉ अजय वर्मा ने भ्रमण के दौरान प्रगतीशील कृषक मोहित साहू निवासी ग्राम पड़कीडीह के प्रक्षेत्र में केवीके, बेमेतरा के द्वारा संचालित सोयबीन व धान की प्रदर्शन इकाईयों का भी भ्रमण किया एवं कृषक के प्रक्षेत्र में स्थापित समन्वित कृषि पद्धति मॉडल व कृषि यंत्र कार्यशाला का अवलोकन एवं निरीक्षण करते हुए उनकी प्रशंसा की। कृषक मोहित साहू द्वारा कृषि के क्षेत्र में नवीन तकनीक जैसे उन्नत किस्म, बोवाई विधि एवं कृषि उपकरणों में कार्य कुशलता तथा कृषि विज्ञान केन्द्र, बेमेतरा के वैज्ञानिकों से मागदर्शन प्राप्त कर अपनी कृषि के आय में वृद्धि होने की जानकारी निदेशक को दी गई।

### उत्पादन बढ़ाने दिया मार्गदर्शन

डॉ अजय वर्मा ने कृषि विज्ञान केन्द्र, बेमेतरा के हाईटेक नर्सरी में फल एवं सब्जी वर्गीय पौध सामग्री उत्पादन कार्य की समीक्षा के दौरान उसकी सराहना करने हुए जिले के कृषकों के मांग अनुसार पौध सामग्री का उत्पादन और बढ़ाने हेतु आवश्यक मागदर्शन दिया। भ्रमण के दौरान कृषि विज्ञान केन्द्र, बेमेतरा के विषय वस्तु विशेषज्ञ डॉ. जितेन्द्र कुमार जोशी, डॉ तृप्ति ठाकुर एवं कार्यक्रम सहायक डॉ अखिलेश कुमार कुलमित्र उपस्थित रहे।



### दिया गया मार्गदर्शन

श्री मोहित साहू के कार्यों की सराहना करते हुए कृषि के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किये जाने पर मिलने वाले राज्य स्तरीय सर्वोच्च पुरूस्कार डॉ खुबचंद बघेल आवार्ड के नामांकन के लिए आवेदन प्रेषित करने के लिए भी मार्गदर्शन दिया।

## स्पर्धा : मध्यप्रदेश के देवास में 19 से 21 जुलाई तक हुई प्रतियोगिता

# वेस्ट जोन जु जित्सु स्पर्धा में बेमेतरा को 13 स्वर्ण सहित मिले 31 पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा





प्रथम वेस्ट जोन जु जित्सु मार्शल आर्ट प्रतियोगिता का आयोजन देवास मध्य प्रदेश में किया गया।19 से 21 जुलाई तक आयोजित प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए बेमेतरा जिले के साजा क्षेत्र के खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए तीन इवेंट में 13 स्वर्ण, 11 रजत एवं 7 कांस्य पदक प्राप्त किए।

- प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ को मिला तीसरा स्थान

बेमेतरा जिला जु जित्सु संघ के सचिव शिवदयाल पाटिल ने बताया कि सब जूनियर बालिका में रिशिका वर्मा 28 कि.ग्रा. नेवाजा में रजत पदक फाइटिंग कांस्य पदक, प्रिया साहू 36 कि.ग्रा. नेवाजा एवं फाइटिंग में दो स्वर्ण पदक ,जिया राजपूत 52 कि.ग्रा.फाइटिंग एवं नेवाजा में दो स्वर्ण पदक प्राप्त किया। इसी तरह जूनियर बालिका में कुंजल कन्नौजे 40 कि.ग्रा.फाइटिंग में कांस्य पदक, सबा परवीन 48 क कि.ग्रा.फाइटिंग में स्वर्ण पदक कांटेक्ट में रजत पदक, मौसमी बनो 40 कि.ग्रा. कांटेक्ट में स्वर्ण पदक फाइटिंग में रजत पदक जूनियर बालक में विभोर मानिकपुरी 44 कि.ग्रा.कांटेक्ट में स्वर्ण पदक फाइटिंग में रजत पदक ,देवेंद्र चंद्राकर 52 कि.ग्रा.नेवाजा में रजत पदक फाइटिंग में कांस्य पदक ,वंश पटेल 69 कि.ग्रा.फाइटिंग में रजत पदक कांटेक्ट में कांस्य पदक प्राप्त किया। वहीं, खेमलाल साहू 52 कि.ग्रा. नेवाजा कांटेक्ट में दो स्वर्ण पदक ,तोषन साहू 62 कि.ग्रा.कांटेक्ट में स्वर्ण पदक फाइटिंग रजत पदक ,आदित्य साहू 69 कि.ग्रा.फाइटिंग में स्वर्ण पदक कांटेक्ट में कांस्य पदक ,श्रेयकुशल शर्मा 69 कि.ग्रा.फाइटिंग एवं कांटेक्ट में दो कांस्य पदक अथर्व राजपूत 77 कि.ग्रा.फाइटिंग एवं नेवाजा दो स्वर्ण पदक जीते। इसके अलावा सीनियर बालिका में सानिया परवीन 63 कि.ग्रा.कांटेक्ट में स्वर्ण पदक, फाइटिंग में कांस्य पदक, सीनियर बालक में अमन साहू 56 कि.ग्रा.कांटेक्ट में रजत पदक प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ तृतीय स्थान, महाराष्ट्र द्वितीय और मध्यप्रदेश प्रथम स्थान पर रही। यह उपलब्धि छत्तीसगढ़ जु जित्सु एसोसिएशन के सचिव राणा अजय सिंह के मार्गदर्शन में हासिल की। बच्चों की इस उपलब्धि पर कोच रुपेन्द्र सिंह चंदेल और सभी पालकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दी हैं।

### देवकर की तीन बालिकाओं ने जीता गोल्ड व सिल्वर

**बेमेतरा।** नगर पंचायत देवकर अंतर्गत संचालित स्वामी आत्मानन्द इंग्लिश मीडियम स्कूल में अध्ययनरत तीन छात्राओं ने भोपाल शहर में आयोजित जी जुत्सु प्रतियोगिता में फाइटिंग जोन में स्वर्ण एवं रजत पदक जीतकर संस्था एवं नगर का नाम रोशन किया है। इनमें सेजेस की दो छात्राएं नगर के स्थानीय वार्ड नंबर 15 के निवासी लतीफ मोहम्मद (छत्तीसगढ़ पुलिस) की सुपुत्री सानिया परवीन जो कि सेजेस देवकर में 12वीं उत्तीर्ण के बाद अब वर्तमान में जॉकी कलिंगा यूनिवर्सिटी नया रायपुर की छात्रा है। वहीं, छोटी पुत्री सबा परवीन जो अब वर्तमान में माना कैंप जिला रायपुर की छात्रा हैं। दोनों बहनों ने पिछले दिनों आयोजित की जुत्सु वेस्ट जोन नेशनल चैंपियनशिप 18 से 22 जुलाई देवास मध्य प्रदेश में आयोजित चैंपियनशिप में शामिल हुईं। सानिया परवीन ने सिल्वर एवं ब्रांज तथा शबा परवीन ने जी जुत्सू फाइटिंग गेम में गोल्ड मेडल एवं नवाज और कांटेक्ट में सिल्वर मेडल प्राप्त कर देवकर एवं मुस्लिम



समाज को गौरवान्वित किया है। साथ ही इनके अलावा स्वामी आत्मानन्द विद्यालय की नगर निवासी छात्रा मौसमी बानो ने भी फाइटिंग जोन में गोल्ड मेडल हासिल किया है। इनके कोच योगेश साहू थे। वही सानिया व सबा परवीन के कोच जीपीएस स्कूल के रूपेंद्र चंदेल, सेजेस माना कैंप स्कूल के कोच सूरज वर्मा एवं एनआर मार्शल आर्ट एकेडमी नया रायपुर के कोच सूर्यकांत वर्मा के मार्गदर्शन में बच्चों को कामयाबी मिली। सजेस देवकर के प्राचार्य अनिल कुमार डहले, माना कैंप की प्राचार्या सरोज यादव एवं खेल अधिकारी सूरज वर्मा तथा समस्त स्टाफ ने बच्चियों की सफलता पर बधाई दी है।

# सिंघरौर कुर्मी समाज के व्यापारी प्रकोष्ठ की हुई बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

रविवार को सिंघरौर कुर्मी समाज के व्यापारी प्रकोष्ठ ने व्यापारिक शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के तौर पर रायपुर से सर्वकुर्मी समाज के व्यापारी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष शेखर वर्मा, जिला औद्योगिक एवं व्यापार केंद्र बेमेतरा के सहायक संचालक पारस मणी वर्मा, खादी ग्राम उद्योग केंद्र जिला बेमेतरा के सह संचालक श्री निर्मलकर मौजूद रहे।

वहीं, भिलाई चंद्राकार समाज के अध्यक्ष संदीप चंद्राकर विशेष रूप उपस्थित थे। कार्यक्रम में समाज के अध्यक्ष कौशल सिंह वर्मा, महासचिव मंत्री सिंह वर्मा, युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष योगेश वर्मा, व्यापारी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष देवेंद्र सिंह वर्मा के साथ ही सामाजिक व्यापारी शामिल हुए थे। इस कार्यक्रम में जिला उद्योग/व्यापार केंद्र के पारसमणी वर्मा एवम खादी ग्रामोद्योग केंद्र के निर्मलकर ने सरकार की ओर से चलाए जाने वाले योजनाओं के बारे जहां जानकारी दी। वहीं, समाज के व्यवसाईयों को बैंकिंग लोन के संबंध में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में विजेंद्र सिंह वर्मा, नेमीचंद वर्मा, केंद्रीय समिति के कोषाध्यक्ष शेखर वर्मा, मिथिलेश वर्मा, समाज के पूर्व अध्यक्ष ऋषि वर्मा रहे। कार्यक्रम का संचालन अरविंद वर्मा ने किया।

### केंद्रीय मंत्री मंडाविया का योगेश ने किया स्वागत



बेमेतरा। केंद्रीय मंत्री मनसुख मंडाविया बजट संवाद कार्यक्रम में शामिल होने के लिए शनिवार को छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर पहुंचे। इस मौके पर सर्व हिन्दू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष व भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी ने एयरपोर्ट पर केंद्रीय मंत्री का भव्य स्वागत किया। योगेश तिवारी के साथ उनके कई समर्थक भी मौजूद रहे। छत्तीसगढ़ आगमन पर केंद्रीय मंत्री ने योगेश तिवारी से कई पहलुओं पर चर्चा भी की। आम जनमानस खासकर युवाओं और किसानों को ध्यान में रखकर पेश केंद्रीय बजट पर योगेश तिवारी ने केंद्रीय मंत्री मंडाविया को बधाई दी। इस विषय पर चर्चा करते हुए मंडाविया ने बताया कि यह बजट युवाओं और किसानों के रोजगार व सहायता पर केंद्रित है।

## शासकीय विद्यालय केशतरा में दिलाई गई उल्लास नव भारत साक्षरता शपथ



**बेमेतरा/साजा।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 शिक्षा सप्ताह के अंतिम सप्तम दिन सामुदायिक भागीदारी दिवस ज.भा.हाई स्कूल शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला एवं प्राथमिक शाला केशतरा में कार्यक्रम आयोजित हुआ।

कार्यक्रम में उल्लास नव भारत साक्षरता शपथ दिलाई गई। शिक्षार्थियों को पट्टी पहाड़ा पेन कलम देकर प्रेरित किया गया। इसके साथ ही बच्चों को नियमित शाला भेजना बच्चों की पढ़ाई को लेकर अंगना में शिक्षा माताओं की भूमिका को बताया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष साधना यदु, विशाल साहू जनभागीदरी हाई स्कूल पूर्व अध्यक्ष प्राचार्य नेमेश्वरी साहू प्रधानपाठक पूर्व माध्यमिक पवन साहू प्राथमिक शाला प्रधानपाठक गणेश्वर ठाकुर सर्वेयर सीमा चक्रधारी स्वयं सेवी शिक्षक हेमलता चक्रधारी गौतम साहू शिक्षक गीतेश देवांगन प्रदीप ठाकुर ओमकार डड़सेना रोशन महिलांगे नागेश्वर चौहान शिक्षार्थी गीता परागा कुंती लीला चित्रेखा टेमिन गौरी सोनिया रेखा केंवरा कांति लक्ष्मी जमुना आदि पालक शिक्षार्थी जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## दर्री स्कूल में हुआ शिक्षा सप्ताह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम



**बेमेतरा।** शिक्षा सप्ताह के अंतर्गत थानखम्हरिया समीपस्थ शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला एवं हाई स्कूल दर्री में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में बच्चों एवं शिक्षकों ने कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी प्राचार्य भवानी सिंह नेताम ने कहा कि मां की कोई बराबरी नहीं कर सकता। प्रकृति भी माता की ही तरह हमारा पालन-पोषण करती हैं ,वैसे ही प्रकृति और धरती भी इसलिए हम धरती को मां कहते हैं। बच्चों को अपनी संस्कृति और परम्पराओं का सही ज्ञान होना चाहिए ताकि संस्कृति और परम्पराओं को निरंतर संयोजित एवं संरक्षित कर पाएं। कार्यक्रम के अवसर पर बच्चों ने बहुत ही मनमोहक नृत्य एवं गायन प्रस्तुति दी । इसमें सुआ,कर्मा,पंथी , नाटक के माध्यम से सांस्कृतिक गतिविधियों को पुनर्जीवित करने का प्रयास किया। बच्चों में अपनी सांस्कृतिक परंपरा को जानने का मौका मिला। कार्यक्रम में बच्चों ने पूर्ण सहभागिता एवं रुचि दिखायी । आयोजित कार्यक्रम में संस्था प्रमुख राजकुमार ध्रुवे प्रभारी प्रधान पाठक , भवानी सिंह नेताम प्रभारी प्राचार्य हाई स्कूल ,गोविंद कुमार सोनकर शिक्षक,अंजनी मिर्झा, सुदामा यादव ,प्राथमिक शाला शिक्षक तथा स्वयं सेवी शिक्षक दुर्गा सेन, श्रेया साहू,ऋतू राजपूत,निखिल पाटिल, सरिता यादव ,विष्णु यादव उल्लास प्रशिक्षक एवं प्राथमिक शाला, पूर्व माध्यमिक व हाई स्कूल के सभी बच्चे उपस्थित रहे।

# नगर के विभिन्न वार्डों में लगाए जा रहे हैं समस्या निवारण शिविर




**साजा।** आम नागरिकों की समस्याओं की जानकारी लेने और उनका समाधान करने के लिए नगरीय क्षेत्र साजा के विभिन्न वार्डो में जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। नगरीय निकायों द्वारा अपने क्षेत्र के नागरिकों को नल जल आपूर्ति, राशन कार्ड, सामाजिक सहायता योजना, जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र, अनापत्ति प्रमाण पत्र, भवन निर्माण अनुज्ञा, नालियों एवं गलियों की साफ सफाई, सड़कों के गड्ढे पाटना, स्ट्रीट लाइट मरम्मत सहित अन्य समस्याओं का निराकरण करने के लिए शिविर का आयोजन प्रातः 10 से दोपहर 3 बजे तक किया जा रहा है।मिली जानकारी के अनुसार शिविर का शुभारंभ 27 जुलाई से किया गया है। वहीं, 29 जुलाई को यादव भवन साजा में वार्ड क्रमांक 01, 07, एवं 15 के लिए शिविर लगाया जा रहा है। इसी तरह 30 जुलाई से 01 अगस्त तक वार्ड क्रमांक 02,03,04 कर्मा भवन साजा, 2 से 4 अगस्त तक वार्ड क्रमांक 05 सेवा भवन साजा में वार्ड क्रमांक 05, 09,10 के लिए तथा 5 से 7 अगस्त तक वार्ड क्रमांक 8 स्थित सांस्कृतिक मंच राम मंदिर के पास वार्ड क्रमांक 06,08,11 के लिए शिविर का आयोजन किया जा रहा है। वहीं, 8 से 10 अगस्त तक वार्ड क्रमांक 12 स्थित डॉ बी आर अम्बेडकर भवन साजा में वार्ड क्रमांक 12,13,14 के लिए जनसमस्या का शिविर आयोजित होगा। इस दौरान मांग, समस्या एवं शिकायत से संबंधित आवेदन कर सकते हैं। पहले दिन शिविर में मांगों को लेकर 5 आवेदन मिले, जिनका निराकरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी के साथ-साथ नगरीय निकाय के समस्त शाखा प्रभारी उपस्थित रहे।

## कृषि महाविद्यालय में किया गया कार्यशाला का आयोजन

# प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के संबंध में छात्र-छात्राओं को दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



रेवेन्द्र सिंह वर्मा, कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, ढोलिया में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का आयोजन कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. संदीप भंडारकर की देखरेख में किया गया।

इस कार्यशाला में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी श्याम लाल साहू एवं बजाज अलियांज जनरल इन्सोरेंस के टुकेश्वर निषाद, चीत्रेन वर्मा, अभिलाष सिंग एवं समूह प्रबंधक विरेन्द्र शर्मा द्वारा फसल संरक्षण एवं फसल बीमा योजना संबंधी विभिन्न जानकारी देने के लिए उपस्थित हुए। उन्होंने बताया कि खरीफ 2024 मौसम हेतु फसल बीमा के लिए अधिसूचित फसले जैसे धान (सिंचित-असिंचित) मक्का, उड़द, अरहर, मूंग, मूंगफली, सोयाबीन, कोदो, कुटकी, रागी के लिए बीमांकित राशि एवं प्रीमियम राशि के बारे में जानकारी प्रदान दी। चित्रेन वर्मा ने छात्र-छात्राओं को फसल बीमा के लिए आधारभूत जानकारी एवं आवश्यकताओं जैसे बैंक पास बुक, आधार कार्ड, फसल बुआई प्रमाण पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड के बारे में बताया। और साथ-साथ फसल बीमा से किसानों को होने वाले लाभ, बीमा क्यूं किया जाये, बीमा लेने के बाद नुकसान से कैसे बच सकते है, प्रत्येक विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत कार्यशाला बैठक में उपस्थित विद्यार्थियों को किसानों को योजना के लाभ, प्रीमियम भुगतान, दावा प्रक्रिया और अन्य महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। इस कार्यशाला का उद्देश्य किसानों को योजना के प्रति जागरूक करना और उनकी फसल को सुरक्षित रखने के उपायों पर चर्चा करना था, इस कार्यशाला में कृषि महाविद्यालय के विभिन्न अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे साथ ही इनके अलावा कृषि महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं भी उपस्थित रहे।

